भारत सरकार
इस्पात मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2545
21 मार्च, 2025 को उत्तर के लिए

प्रयागराज में स्थायी अवसंरचना के लिए सेल इस्पात का उपयोग

2545. # श्री नरेश बंसल :

क्या **इस्पात** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मंत्रालय ने भविष्य में महाकुंभ मेले में अस्थायी संरचनाओं की आवश्यकता को कम करने के लिए प्रयागराज में स्थायी अवसंरचनाओं के लिए स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के इस्पात का उपयोग करने पर विचार किया है ;

(ख) यह पहल भारत के इस्पात क्षेत्र को बढ़ावा देने के मंत्रालय के दीर्घकालिक उद्देश्यों में कैसे योगदान करेगी;

(ग) क्या महाकुंभ मेला संरचनाओं के लिए इस्पात के उपयोग में संधारणीयता सुनिश्चित करने के लिए कोई उपाय लागू किए जा रहे हैं ; और

(घ) यदि हां, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री **(श्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा)**

(क) से (घ) : इस्पात एक नियंत्रणमुक्त क्षेत्र है और सरकार की भूमिका नीतिगत दिशा-निर्देश निर्धारित करके तथा देश में इस्पात उत्पादन, खपत को बढ़ावा देने तथा इस्पात क्षेत्र की दक्षता में सुधार के लिए अनुकूल वातावरण बनाने हेतु संस्थागत तंत्र/संरचना स्थापित करके इस्पात उद्योग को सुविधा प्रदान करना है। निजी अथवा राज्य सरकार की संस्थाओं के खरीद संबंधी निर्णयों में इस्पात मंत्रालय की कोई भूमिका नहीं है।

स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के पास एक समर्पित विपणन व्यवस्था है जो सेल के इस्पात संयंत्रों द्वारा उत्पादित कार्बन, मिश्रधातु और विशेष इस्पात उत्पादों के विपणन हेतु उत्तरदायी है।

सेल ने प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ मेला 2025 के लिए लगभग 45,000 टन इस्पात की आपूर्ति की है, जिसमें से अधिकांश आपूर्ति लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी), उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम, विद्युत बोर्ड और उनके आपूर्तिकर्ताओं को की गई है।

*****